कक्षा–12 NCERT राजनीति विज्ञान (समकालीन विश्व राजनीति)

अध्याय–01 (शीतयुद्ध का दौर / Cold War Era) नोट्स भाग–2

Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg

Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)

Political Science Video Playlist Link-

https://www.youtube.com/watch?v=T1_JmzbsaAM&list=PLIlq5TfwxGWF7iVqpMJgSuc6OVr8kERaU

---

1. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूरी दुनिया का दो खेमों में विभाजन सबसे पहले कहाँ हुआ?

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूरी दुनिया का दो खेमों में विभाजन सबसे पहले यूरोप में हुआ।

2. पूंजीवादी गुट के तीन देशों के नाम लिखिए।

अमरीका, फ्रांस एवं ब्रिटेन।

3. साम्यवादी गुट के तीन देशों के नाम लिखिए।

सोवियत संघ, चीन एवं क्यूबा।

4. नाटो (NATO) का पूरा नाम लिखिए–

नाटो का पूरा नाम– नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन)

5. नाटो संधि की स्थापना कब की गई? इसका मुख्य कार्य क्या था?

नाटो संधि की स्थापना– अप्रैल 1949

नाटो संधि का मुख्य कार्य– इस संधि में शामिल देशों में से किसी एक पर भी हमला होता है तो संधि में शामिल दूसरे देश भी इसे अपने ऊपर हमला मानेंगे और एक–दूसरे की मदद करेंगे।

6. वारसा संधि की स्थापना कब की गई? इसका मुख्य कार्य क्या था?

वारसा संधि की स्थापना– 1955

वारसा संधि का मुख्य कार्य– नाटो संगठन में शामिल देशों का यूरोप में मुकाबला करना।

7. अमरीका ने पूंजीवादी देशों को लेकर अप्रैल 1949 में कौनसी सैन्य संधि की थी?

अमरीका ने पूंजीवादी देशों को लेकर अपैल 1949 में नाटो सैन्य संधि की थी।

8. नाटो संधि के जबाव में सोवियत संघ द्वारा पूर्वी यूरोप के साथ कौनसी सैन्य संधि की थी?

नाटो संधि के जबाव में सोवियत संघ द्वारा पूर्वी यूरोप के साथ वारसा सैन्य संधि की थी।

9. छोटे देशों के महाशक्तियों से जुड़ने के क्या कारण (लाभ) थे?

छोटे देशों के महाशक्तियों से जुड़ने के निम्न कारण (लाभ) थे–

1. इन्हें सुरक्षा का वादा मिला।
2. इन्हें हथियार मिले।
3. आर्थिक मदद मिली।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

10. शीतयुद्ध के दौरान दोनों महाशक्तियों को छोटे देशों ने क्यों आकर्षित किया? कोई चार कारण बताइए।

अथवा

महाशक्तियां छोटे देशों के साथ सैन्य गठबंधन क्यों रखती थी? कोई चार कारण बताइए।

दोनों महाशक्तियों का छोटे देशों से जुड़ने के निम्नलिखित लाभ थे–

1. प्राकृतिक संसाधन जैसे– खनिज, तेल आदि प्राप्त कर सकते थे।
2. इनके भू–क्षेत्र से महाशक्तियां अपने हथियारों और सेना का संचालन कर सकती थी।
3. सैनिक ठिकाने स्थापित करके महाशक्तियां एक–दूसरे की जासूसी कर सकती थी।
4. ये छोटे–छोटे देश सैन्य खर्च उठाने में मदद कर सकते थे।

Class – 12th NCERT राजनीति विज्ञान के प्रत्येक अध्याय को अच्छे
से समझने के लिए सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।
इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT POL SCIENCE|2021-22|Class 12
(https://www.youtube.com/watch?v=T1_JmzbsaAM&list=PLIlq5TfwxGWF7iVqpMJgSuc6OVr8kERaU)
में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और
अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
धन्यवाद
सिद्धि विनायक संगरिया टीम

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria